आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 28.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।
- प्रदेश में जनवरी 2025 में एक लाख तेईस हजार दो सौ पचास नए मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल होंगे।
- उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र विभिन्न विभागों को परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा।
- वर्ष 2023–24 में ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक प्रति व्यक्ति व्यय में नौ प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट।

अंतिम संस्कार

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह साढे नौ बजे नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर निगम बोध घाट तक जाएगी। वहां सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले आज उनके पार्थिव शरीर को उनके आवास से कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा और वहां आम जनता और पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर एक जनवरी तक सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है। इस शोक अवधि के दौरान पूरे देश में राष्ट्रीय ध्वज़ आधा झुका रहेगा। विदेशों में स्थित सभी भारतीय मिशन और उच्चायोगों में भी राष्ट्रीय ध्वज़ आधा झुका रहेगा। आज सभी केन्द्र सरकार के कार्यालयों और सरकारी उपक्रमों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। वहीं, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से राष्ट्र ने एक प्रख्यात राजनेता, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और एक प्रतिष्ठित नेता खो दिया है। मंत्रिमण्डल ने डॉक्टर मनमोहन सिंह की स्मृति में एक शोक प्रस्ताव भी पारित किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। प्रस्ताव में कहा गया कि डॉ० मनमोहन सिंह, राष्ट्रीय जीवन पर अपनी छाप छोड़ी है। इसमें कहा गया कि डॉ० मनमोहन सिंह 1991 से 1996 के बीच भारत के वित्तमंत्री रहे और आर्थिक सुधारों की एक व्यापक नीति की शुरूआत करने में उनकी भूमिका सर्वविदित है।

<u>नए मतदाता</u>

उत्तराखंड में जनवरी 2025 में एक लाख तेईस हजार दो सौ पचास नए मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, 6 जनवरी 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। पिछले 5 सालों में लगभग 11 लाख नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में शामिल किया गया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को नियमित रूप से अपडेट किया जाता है।

<u>परामर्श सेवाएं</u>

उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र (यूएलएमएमसी) अब विभिन्न विभागों को परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। संस्थान की सेवाएं बाजार की दरों से लगभग आधी होंगी। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि यूएलएमएमसी के जरिए भूस्खलन प्रबंधन, जल वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अन्य तकनीकी कार्य किए जाएंगे। इसका उद्देश्य राज्य में भूस्खलन के प्रभावों को कम करना और विभिन्न विभागों को सस्ती और विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करना है।

<u>गिरफ्तारी</u>

अल्मोड़ा जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। एसओजी और थाना भतरौजखान की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान दो वाहनों से 75 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब लगभग 19 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए चारों तस्कर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा ने बताया कि तस्कर महंगी कारों से गांजा ले जाकर इसे युवाओं को ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

<u>समीक्षा</u>

चमोली के मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समय पर लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खासतौर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, और वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम पर जोर दिया। श्री कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य में देरी होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी विकासखंडों को प्राथमिकता पर कार्यों की रिपोर्ट तैयार करने और उसे बड़े पैमाने पर लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

<u>बढोतरी</u>

प्रति व्यक्ति मासिक व्यय में वर्ष 2022–23 के मुकाबले वर्ष 2023–24 में वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों में नौ प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग आठ प्रतिशत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम

कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023—24 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय चार हजार 122 रुपये और शहरी क्षेत्रों में छह हजार नौ सौ 96 रुपये होने का आकलन किया गया है।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल दोपहर बाद से बारिश का दौर जारी है। राज्य के ऊंचाई वाले हिस्सों में ताजा बर्फबारी की ख़बर है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दो हजार दो सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। साथ ही कईं हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में विभिन्न स्थानों पर आज शीत दिवस रहने का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। बर्फबारी और तापमान में आए गिरावट के चलते लोगों को ठंड से बचने और वाहन चलाते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

ओपन ट्रायल

उत्तराखंड ओलंपिक संघ ने एक जनवरी 2025 को रूद्रपुर के मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हैंडबॉल और वॉलीबॉल के ओपन ट्रायल का आयोजन करने का निर्णय लिया है। यह ट्रायल उन खिलाड़ियों के लिए है जो राज्य खेलों में किसी कारणवश भाग नहीं ले पाए थे। ओपन ट्रायल के जरिए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। संघ ने यह भी कहा कि ट्रायल में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और इसके माध्यम से राज्य की सबसे बेहतरीन खेल प्रतिभाओं की पहचान की जाएगी।

प्रचार रथ

38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ऊधमसिंह नगर में रूद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रचार रथ को रवाना किया गया। प्रचार रथ का उद्देश्य जनता और खिलाड़ियों में ऊर्जा और उमंग का संचार करना है। यह रथ रूद्रपुर, गदरपुर, किच्छा, काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा क्षेत्रों में यात्रा करेगा, ताकि खेलों के प्रति जन जागरूकता बढ़ाई जा सके।

वनाग्नि नियंत्रण — प्रभावी कार्ययोजना

चमोली जिले में वनाग्नि की रोकथाम के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जंगल की आग को कम से कम करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह, महिला मंगल दलों और अन्य स्वयंसेवकों को जागरूक करना आवश्यक है। इसके अलावा, वन क्षेत्रों में आग बुझाने के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने और जागरूकता फैलाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि

चारधाम यात्रा से पहले, भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षात्मक उपाय किए जाएंगे, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।